प्रादेशिक समाचार

29.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से की बातचीत, कहा–आपकी यात्रा एक नए युग के शुभारम्भ का प्रतीक।

2. श्री मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।

3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन को किया संबोधित, कहा–श्रमिकों–विस्थापितों को उनका हक–अधिकार दिलाएगी सरकार।

4. राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हर गांव में खोले जाएंगे स्वास्थ्य उप केंद्र, कुल एक हजार एक सौ सत्रह केंद्रों के लिए 619 करोड़ रुपये आवंटित।

5. मौसम विभाग ने राजधानी रांची, खूंटी, गुमला और रामगढ़ समेत राज्य के अधिकतर जिलों में आज से अगले चार दिनों तक भारी बारिश होने की जताई संभावना।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की है। श्री मोदी ने कहा कि आप भारत से भले ही बहुत दूर हैं, लेकिन करोड़ों भारतीयों के दिल के बेहद करीब हैं। आपकी यात्रा एक नए युग के शुभारम्भ का प्रतीक है। उन्होनें कैप्टन शुक्ला को उनके मिशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्हें भारत का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कैप्टन शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत अधिक विशाल और भव्य नजर आया।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट दमूवदंपत.हवअ.पद और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएआईआर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि यूनियन ही मजदूरों की असली ताकत होते हैं, जिसे लगातार मजबूत करने की जरूरत है। श्री सोरेन नयी दिल्ली से रांची में आयोजित झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन के केंद्रीय महाधिवेशन को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य के आदिवासियों–मूलवासियों, श्रमिकों और विस्थापितों को उनका हक–अधिकार दिलाने के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है।

***********************

झारखण्ड के हर गांव में स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लिए राज्य में एक हजार एक सौ सत्रह स्वास्थ्य उप केंद्र बनाये जायेंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए 619 करोड़ रुपये आवंटित कर दिया है। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, ने बताया कि इसके तहत सबसे अधिक 164 केंद्र गिरिडीह जिले में जबकि 135 केंद्र धनबाद में खोले जायेंगे। यहाँ प्राथमिक चिकित्सा की सभी सुविधाएँ मौजूद रहेंगी।

***********************

राज्य सरकार अब ऐसे जरूरतमंद ग्रामीणों को भी पक्का घर देगी जो तय मापदंड पूरा नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण विकास विभाग ने ऐसे जरूरमंदों को अबुआ आवास योजना के तहत पक्का घर देने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसपर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सहमति प्रदान कर दी है।

***********************

हजारीबाग से आज सांसद तीर्थ दर्शन के तहत वरिष्ठ नागरिकों का एक समूह तीर्थ यात्रा पर निकल रहा है। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल इस तीर्थ दर्शन का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग इस कार्यक्रम का लाभ ले पाएंगे।

***********************

आदिवासी छात्र संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात कर राज्य के इंटरमीडिएट कॉलेजों को दुबारा शुरू करने की मांग है। इस दौरान मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा गया है। छात्र संघ के नेता इंदर उरावं ने इस मामले में एक कमिटी के गठन की मांग की है।

***********************

साहिबगंज जिले के 238 गांवों को चिन्हित कर शिविरों के माध्यम से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है।

***********************

देवघर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित मासिक लोक अदालत में 152 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि साढ़े आठ लाख रुपये के समझौते तय किए गए।

***********************

गोड्डा जिले से पुलिस ने चार साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रतिबिंब एप के माध्यम से पकड़ाए इन अपराधियों के पास से विभिन्न कंपनियो के 90 सिम कार्ड बरामद किये गये हैं। साथ ही अलग–अलग कंपनियो के दस मोबाईल फोन भी बरामद किये गये हैं। इसके अलावा इनके पास से एक बायोमैट्रिक मशीन और विभिन्न बैंको के 15 एटीएम मिले हैं।

***********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, खूंटी, गुमला और रामगढ़ समेत राज्य के अधिकतर जिलों में आज से अगले चार दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। इसके लिए बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है।

***********************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से छपने वाले अधिकतर अख़बारों ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के बीच हुई बातचीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है—सारे जहां से अच्छा के बाद अब अंतरिक्ष से भव्य दिखता है भारत।

प्रभात खबर की हेडलाइन है—पूछताछ में एक वरिष्ठ अधिकारी ने किया खुलासा—आईएएस अधिकारी विनय चौबे ने ही रचा पूरा उत्पाद घोटाला।

दैनिक भास्कर लिखता है—नई दिल्ली में इलाजरत पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की हालत स्थिर, दुआओं का दौर जारी।

हिंदुस्तान ने रांची के नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार और उनके बॉडीगार्ड को अवैध बालू लदे ट्रक द्वारा टक्कर मारने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**********समाप्त**********